छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर,
जिला–रायपुर
—00—

सूचना का अधिकार

एफ 11–1/2019/1–13 नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर, दिनांक 26 सितम्बर, 2019

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मण्डल,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़

विषयः– सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मनी आर्डर से भेजी गयी राशि के संबंध में ।

---

छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने अवगत कराया है, कि जब कोई आवेदक सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत विहित शुल्क की राशि मनी आर्डर के माध्यम से जमा करता है तो शुल्क की राशि आवेदन/अपील आवेदन के साथ संलग्न जमा नहीं हो पाती है । मनी आर्डर से भेजी शुल्क की राशि बाद में प्राप्त होती है, लेकिन इसी बीच प्राप्त हुए आवेदन/अपील को विहित शुल्क प्राप्त न होने के आधार पर खारिज/निरस्त कर दिया जाता है। जिसके फलस्वरूप आवेदक को अनावश्यक रूप से राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील प्रस्तुत करनी पड़ती है।

2/ अतः इस संबंध में आपके विभाग/कार्यालय में नियुक्त समस्त जनसूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी को युक्तियुक्त निर्देश जारी करें कि जब विहित शुल्क की राशि मनीआर्डर से प्राप्त हो, उसी दिन से अनुरोध पत्र का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए । अतः ऐसे मामलों में **आवेदन को निरस्त करने के बजाए जनसूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा एक निश्चित समय (10 दिवस) तक शुल्क की प्राप्ति की प्रतीक्षा की जाए**, ताकि अधिनियम के प्रावधानों की मंशा पूर्ण हो सके ।

(पी.के. जोशी)
उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

..........................2

4426
05 OCT 2019

एफ 11–1/2019/1–13 नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर, दिनांक 26 सितम्बर, 2019

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल के सचिव, राजभवन रायपुर ।
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर ।
3. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मुख्यमंत्री सचिवालय, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर ।
4. उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर ।
5. रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ।
6. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली ।
7. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर ।
8. सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ की ओर उनके पत्र कमांक 971/स्था./छगरासूआ/19, दिनांक 18.06.2019 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित ।
9. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, रायपुर ।

छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

उप सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग